डीपीएस भोपाल ने जीता टीसीएस आईटी विज 2016

इंदौर। आई टी सर्विसेस, कंसल्टेंसी तथा बिजनेस सॉल्यूशन के क्षेत्र में अग्रणी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस) द्वारा भारत के सबसे बडे इंटर-स्कूल क्विज का आयोजन किया गया। मंगलवार, 27 सितंबर को डीएवीवी युनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में आयोजित टीसीएस आईटी विज में इंदौर के विभिन्न स्कूलों के करीब 1200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। टीसीएस आईटी विज कक्षा 8-12 में पढ़ने वाले सभी हाई स्कूल विद्यार्थियों के लिए खुला था और इसमें भाग लेने के लिए किसी प्रकार का प्रवेश शुल्क नहीं था। क्विज की इस वर्ष की थीम थी द्याह्नडिफॉल्ट इजं डिजिटल इस क्विज का मंच उन टेक्नीकल ट्रेंडस पर दृष्टि रखता है, जो पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचते है। वे विद्यार्थी जो इस क्विज का हिस्सा होते है वे इन तकनीकों को करीब से समझकर भविष्य के लिहाज से अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। क्विज के प्रारंभिक लिखित दौर में सफल होने वाली छह टीमों ने रीजनल फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। रीजनल फाइनल्स में क्विज के पांच राउंड्स पूरे करने के बाद डीपीएस दभोपालद के निश्चय एस तथा हार्दिक पी ने इस टाइटल को जीतने में सफलता पाई।